कोटद्वार, शनिवार
12 अक्टूबर 2024
वर्षः 46
अंकः 164 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com


## एक नजर

### ज्वेलरी दुकान में खरीदने के झांसे में गहने चुरा ले गईं दो महिलाएं

देहरादून। धामावाला स्थित ज्वेलरी दुकान में खरीदारी के बहाने पहुंची दो महिलाएं सोने और चांदी के गहने चुराकर फरार हो गईं। दोनों महिलाओं के जाने पर दुकान मालिक को पता लगा। उन्होंने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज सौंपते हुए शहर कोतवाली में केस दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी महिलाओं की तलाश कर रही है। देहरादून के घामावाला बाजार स्थित सिद्धी विनायक ज्वेलर्स की दुकान में चोरी की घटना सामने आई है। दुकान मालिक मेघनाथ मंडल ने बताया कि कुछ दिन पहले जब वह काम से बाहर गए हुए थे। तभी उनकी दुकान पर मौजूद स्टाफ की लड़की बिन्दिया को दो महिलाओं ने सोने की नाक की नोज रिंग, बालियां और चांदी की पायल दिखाने के लिए कहा। बिन्दिया ने महिलाओं को ये आभूषण दिखाए। जिसके बाद दोनों महिलाओं ने मौका पाकर कुछ आभूषण चोरी कर लिए। बिंदिया ने दुकान मालिक को जानकारी दी कि महिलाओं ने चार सोने की नोज पिन, सोने की बालियों का पैकेट और दो जोड़ी चांदी की पायल चोरी की हैं। घटना के बाद जब दुकान के मालिक ने सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो दोनों महिलाएं चोरी करती हुई नजर आईं। इस चोरी की घटना की पूरी सीसीटीवी रिकॉर्डिंग उनके पास सुरक्षित है। दुकान मालिक मेघनाथ मंडल ने देहरादून के कोतवाली नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। शहर कोतवाल चंद्रभान सिंह ने बताया कि अज्ञात दो महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### छापा मारकर पकड़े 32 गैस सिलेंडर, एक हिरासत में

रुड़की। कस्बे में खाद्य पूर्ति विभाग की टीम ने अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ बड़े पैमाने पर छापेमारी की। मौके से कई गैस सिलेंडर के अलावा रिफलिंग के उपकरण भी जब्त किए हैं। मौके से एक व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया है। पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही है। खाद्य पूर्ति विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि कस्बे के मोहल्ला बाहर किला में एक गोदाम में अवैध रूप से गैस सिलेंडरों की रिफलिंग की जा रही है। सूचना मिलने पर खाद्य पूर्ति विभाग की टीम ने क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मदन सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम के साथ संयुक्त रूप से छापेमारी की। छापेमारी के दौरान अवैध रूप से बनाए गए गोदाम से 12 घरेलू गैस सिलेंडर, 18 कामर्शियल सिलेंडर, 2 पेट्रोमैक्स (मानक श्रेणी पांच किलोग्राम), 8 रिफलर यंत्र, 1 तराजू बरामद किए गए। बरामद सभी गैस सिलेंडरों और उपकरणों को कब्जे में लेते हुए गैस रिफलिंग में लिप्त आरोपी को हिरासत में लिया गया है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने बताया है कि रिफलिंग के कारण जहां एक तरफ शासकीय सब्सिडी का दुरुपयोग होता है, वहीं दूसरी तरफ सघन आबादी वाले क्षेत्रों में सिलेंडर विस्फोट होने की आशंका भी हमेशा बनी रहती है। उन्होंने बताया कि बरामद गैस सिलेंडरों में कुछ खाली है, जबकि अधिकतर गैस सिलेंडर भरे हुए हैं। सभी गैस सिलेंडर व बरामद उपकरणों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। आगामी त्योहारों के मद्देनजर पूर्ति विभाग की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। पूर्ति निरीक्षक सतीश कुमार ने पुलिस को आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। इंस्पेक्टर शांति कुमार गंगवार ने बताया कि पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने की तैयारी की जा रही है।

### पेड़ में लटका हुआ मिला मजदूर का शव

पिथौरागढ़। सीमांत में राम नवमी के दिन एक मजदूर ने मंदिर में पूजा–अर्चना के बाद साड़ी का फंदा बनाकर अपनी जान दे दी। शुक्रवार को गुरना मंदिर के समीप पेड़ में शव लटका देख लोगों में हडकंप मच गया। फिलहाल मजदूर ने आत्मघामी कदम क्यों उठाया, पुलिस इसकी जांच कर रही है। नगर से करीब 11किमी दूर गुरना मंदिर के समीप स्थित मसान बाबा मंदिर के सामने एक पेड़ पर लोगों ने शव लटका देखा। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। कोतवाल ललित मोहन जोशी के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और शव को पेट से नीचे उतारा। मृतक की पहचान मुकेश निषाद (28) पुत्र सूबेदार सिंह निवासी ग्राम घरकुआं थाना नगला सिंधी जिला फिरोजाबाद आगरा हाल निवासी डॉट पुलिया के तौर पर हुई।

# आतिशी को मिला आवास

## दिल्ली की नई सीएम को पीडब्ल्यूडी ने घर किया अलॉट



मुख्यमंत्री आतिशी को लोक निर्माण विभाग ने शुक्रवार को सिविल लाइन, 6 फ्लैग स्टाफ रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास आवंटित कर दिया। आवास सील करने को लेकर बुधवार को जमकर हंगामा हुआ था। साथ ही, आतिशी के सामान को लोक निर्माण विभाग ने बाहर कर दिया था। लोक निर्माण विभाग के मुताबिक, सभी कार्रवाई करने के बाद नियम के तहत आवास आवंटित कर दिया गया है। विभाग के आवंटन निदेशक की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि दिल्ली प्रशासन सरकारी आवास आवंटन (सामान्य पूल) नियम, 1977 के प्रावधानों के अनुसार मुख्यमंत्री आतिशी को आवास आवंटित किया गया है। मुख्यमंत्री को आठ दिनों के भीतर इस कार्यालय में पासपोर्ट आकार की सत्यापित पारिवारिक फोटो देनी होगी। इसके बाद उन्हें नियम के तहत प्राधिकरण पर्ची दी जाएगी, ताकि वे पर्ची में उल्लिखित तिथि के भीतर आवंटित आवास का कब्जा ले सकें। तय समय में कब्जा लेने में विफल रहने की स्थिति में, आवंटन को रद्द माना जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री आवास को लेने के 15 दिनों के भीतर दूसरा आवास खाली करना होगा। मुख्यमंत्री आवास विभिन्न उल्लंघन के लिए सीबीआई व अन्य जांच एजेंसियों के अधीन है। ऐसे में मुख्यमंत्री को जांच में पूरा सहयोग करना होगा। आतिशी को मिला आवासः दिल्ली की नई सीएम को ढहऊने घर किया अलॉट, जिस बंगले में रहते थे केजरीवाल वहीं रहेंगी

मुख्यमंत्री आतिशी को लोक निर्माण विभाग ने शुक्रवार को सिविल लाइन, 6 फ्लैग स्टाफ रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास आवंटित कर दिया। आवास सील करने को लेकर बुधवार को जमकर हंगामा हुआ था। साथ ही, आतिशी के सामान को लोक निर्माण विभाग ने बाहर कर दिया था। लोक निर्माण विभाग के मुताबिक, सभी कार्रवाई करने के बाद नियम के तहत आवास आवंटित कर दिया गया है। विभाग के आवंटन निदेशक की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि दिल्ली प्रशासन सरकारी आवास आवंटन (सामान्य पूल) नियम, 1977 के प्रावधानों के अनुसार मुख्यमंत्री आतिशी को आवास आवंटित किया गया है। मुख्यमंत्री को आठ दिनों के भीतर इस कार्यालय में पासपोर्ट आकार की सत्यापित पारिवारिक फोटो देनी होगी। इसके बाद उन्हें नियम के तहत प्राधिकरण पर्ची दी जाएगी, ताकि वे पर्ची में उल्लिखित तिथि के भीतर आवंटित आवास का कब्जा ले सकें। तय समय में कब्जा लेने में विफल रहने की स्थिति में, आवंटन को रद्द माना जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री आवास को लेने के 15 दिनों के भीतर दूसरा आवास खाली करना होगा।

### ऑनलाइन ट्रेडिंग से कमाई के झांसे में साइबर ठगों के जाल में फंस गंवाए 9.10 लाख

देहरादून। शेयर ट्रेडिंग कर कमाई के झांसे में एक व्यक्ति 9.10 लाख रुपये गंवा बैठे। साइबर ठगों ने पीड़ित को अपने जाल में फंसाकर एक एप के जरिए रकम लगाई। ऑनलाइन पीड़ित को काफी लाभ दिखाया गया। जब ट्रेडिंग की रकम निकालने की कोशिश की तो धोखाधड़ी का पता लगा। बुजुर्ग की तहरीर पर पटेलनगर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित डॉ. दिप्तार्क दासगुप्ता की तहरीर पटेलनगर पुलिस थाने में साइबर ठगी का केस दर्ज किया गया है। तहरीर में कहा कि बीते जुलाई के अंतिम सप्ताह में उनकी मुलाकात व्हाट्सएप पर एक व्यक्ति हर्ष गोयनका से हुई। जिसने खुद को फिडेलिटी इन्वेस्टमेंट का सदस्य बताया।

हर्ष ने खुद को सेबी के तहत पंजीकृत बताया और उन्हें शेयर मार्केट में निवेश के टिप्स देने लगा। शुरुआत में हर्ष ने दिप्तार्क से उनके खुद के रिटेल निवेशक खाते के जरिए शेयर खरीदने को कहा। बाद में उसने उन्हें एक ग्रुप दीपक एचएनआई स्टीयरिंग ग्रुप 69 में शामिल होने के लिए कहा।

# चयनित अभ्यर्थी पूरी कुशलता और निष्ठा से कार्य करें : धामी

## उत्तराखंड प्रांतीय सिविल सेवा-2021 में चयनित अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : शुक्रवार को उत्तराखंड प्रांतीय सिविल सेवा-2021 परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके आवास पर भेंट करते हुए परीक्षाओं को पारदर्शिता और समयबद्धता से संपन्न करवाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनसे प्रदेश हित में पूरी कुशलता और निष्ठा से कार्य करने की अपेक्षा की।



धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अभ्यर्थियों ने कहा कि मुख्यमंत्री के सख्त नकल विरोधी कानून से, परीक्षाओं को कैलेंडर के अनुसार तेजी से और पूरी पारदर्शिता से संपन्न करवाने के प्रयासों के चलते ही योग्य अभ्यर्थियों का चयन सुनिश्चित हुआ है। महिला आरक्षण को उचित प्रतिनिधित्व प्रदान करने के चलते सिविल सेवा में महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ी है। पीसीएस परीक्षा के कैलेंडर समय से जारी हो रहे हैं तथा परीक्षाएं भी समय से और पूरी पारदर्शिता के साथ संपादित की जा रही है।

# उत्तराखंड में बदलने लगा मौसम का मिजाज, सुबह-शाम बढ़ने लगी ठिठुरन

देहरादून। मानसून की विदाई के बाद से ही प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है और ज्यादातर क्षेत्रों में दिनभर चटख धूप खिल रही है।



हालांकि, सुबह–शाम अब ठंडक महसूस की जाने लगी है। पर्वतीय क्षेत्रों में सुबह ठिठुरन बढ़ने लगी है और मैदानी क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान में लगातार कमी आ रही है। दून में रात को पारा 18 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिन में पारे में और गिरावट आने के आसार हैं। पहाड़ से मैदान तक सुबह–शाम के तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक की कमी आ सकती है।

**15 अक्टूबर के बाद पारे में और गिरावट आने की उम्मीद**

अक्टूबर की शुरुआत से ही प्रदेशभर में मौसम शुष्क बना हुआ है। हालांकि, बीते मंगलवार को देहरादून समेत कई जिलों में तीव्र बौछारें पड़ीं। करीब आधे घंटे तक रुक–रुककर वर्षा होती रही। इसके बाद से मौसम फिर शुष्क बना हुआ है। दिनभर चटख धूप खिलने से दोपहर में हल्की तपिश महसूस की जा रही है। हालांकि, न्यूनतम तापमान में गिरावट आने लगी है। बीते दो दिन में पारे में दो डिग्री सेल्सियस की कमी आई है।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, उत्तराखंड में अगले कुछ दिन मौसम शुष्क बना रह सकता है। कहीं–कहीं आंशिक बादल छाये रह सकते हैं। 15 अक्टूबर के बाद पारे में और गिरावट आने की उम्मीद है।

सरोवर नगरी में ठंड की हुई शुरूआत

नैनीताल में हल्की ठंड पड़नी शुरू हो गई है। शुक्रवार को दिन का मौसम सामान्य रहा। अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। नगर में सुबह से धूप निकली हुई थी, जो शाम तक बरकरार रही। हालांकि हल्के बादल कुछ समय के लिए छाए और हट भी गए। सूर्यास्त के बाद ठंड में हल्की ठंड महसूस हुई। जिस कारण लोगों को गर्म ऊनी कपड़े पहनने के लिए मजबूर होना पड़ा।

**झील का जलस्तर 11.9 फीट में स्थिर**

मौसम विभाग के अनुसार रात के तापमान में गिरावट बनी रहेगी। फिलहाल मौसम सामान्य बना रहेगा। इधर नैनी झील का जलस्तर 11.9 फीट में स्थिर है । जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार नगर का अधिकतम तापमान 23 व न्यूनतम 14 डिग्री सेल्सियस रहा। आद्रता अधिकतम 80 व न्यूनतम 55 प्रतिशत दर्ज की गई।

**शीतकालीन सीजन में उमड़ने लगी सैलानियों की भीड़**

शीतकालीन पर्यटन सीजन में सैलानियों की भीड़ पहुंचने लगी है। बंगाली सैलानियों की आमद बेहद कम है, जबकि स्कूली बच्चों के ग्रुप अधिक संख्या में पहुंचे हुए हैं। शनिवार को पर्यटकों की आमद में बढ़ोतरी होने की संभावना है। शुक्रवार सुबह से ही सैलानियों का पहुंचना शुरू हो गया था, जो देर रात तक जारी रहा।

### राष्ट्रीय खेलों में विंटर गेम्स शामिल करने वाला उत्तराखंड पहला प्रदेश

हल्द्वानी । प्रदेश में अगले साल होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों में विंटर गेम्स को भी शामिल किया गया है। उत्तराखंड ओलिंपिक एसोसिएशन (यूओए) के महासचिव का कहना है कि राष्ट्रीय खेलों में विंटर गेम्स शामिल करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य है।

विंटर गेम्स चमोली जिले के औली में आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत स्की, स्नो बोर्ड, लूज, आइस हाकी की स्पर्धाएं होंगी। 38वें राष्ट्रीय खेलों के जरिए राज्य सरकार प्रदेश में पर्यटन स्थलों को भी बढ़ावा देगी। दरअसल, सर्दियों में औली में देश विदेश से पर्यटक साहसिक शीतकालीन गतिविधियों का लुत्फ लेने पहुंचते हैं। यही नहीं, औली में पूर्व में भी कई राष्ट्रीय स्तरीय विंटर गेम्स हो चुके हैं, लेकिन इस बार 38वें राष्ट्रीय खेलों में ही इसे शामिल किया जा रहा है।

यूओयू के पदाधिकारियों के मुताबिक, राष्ट्रीय खेल में 38 खेल विधाएं होंगी। इसमें पारंपरिक खेल मलखंभ व योगासन भी शामिल करने का प्रस्ताव है।

# कार खाई में गिरी, चार युवक घायल

रुद्रप्रयाग : मुख्यालय स्थित जवाड़ी बाईपास पर गुरुवार देर रात एक कार खाई में गिर गई जिससे वाहन में सवार चार युवक घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस के साथ ही एसडीआरएफ और डीडीआरएफ मौके पर पहुंची। जिसके बाद रेस्क्यू करते हुए चारों घायलों को खाई से निकालते हुए उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां से दो गंभीर घायलों को बेस अस्पताल श्रीनगर रेफर कर दिया गया। घायलों में 25 वर्षीय मुकेश सिंह पुत्र हयात सिंह, 27 वर्षीय मयंक सिंह पुत्र अरविंद निवासी, 17 वर्षीय आयुष पुत्र रमेश, 26 वर्षीय आशीष पंवार पुत्र कृष्णा सभी निवासी रुद्रप्रयाग शामिल है। इनमे से मुकेश और मयंक को गंभीर स्थिति में श्रीनगर बेस अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि गुरुवार रात करीब साढ़े 11 बजे मुख्यालय स्थित जवाड़ी बाईपास पर सेल्फी प्वाइंट के समीप एक गाड़ी मंदाकिनी की तरफ स्थित 100 मीटर गहरी खाई में गिर गई। जिससे वाहन में सवार चार युवक घायल हो गए। कोतवाली पुलिस द्वारा एसडीआरएफ टीम को वाहन दुर्घटना की सूचना दी गई जिसके बाद बाद सूचना मिलते ही पुलिस, आपदा प्रबंधन के साथ ही एसडीआरएफ और डीडीआरएफ की टीम मौके पर रवाना हुई। एसडीआरएफ टीम पोस्ट रतूड़ा से मुख्य आरक्षी प्रदीप रावत के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम ने तत्काल रेस्क्यू शुरू किया और खाई से चारों युवकों को स्ट्रेचर के माध्यम से सड़क तक पहुंचाया जिसके बाद उन्हें एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दो गंभीर घायलों को हायर सेंटर रैफर किया गया है। जबकि दो का जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया जा रहा है कि वाहन तिलवाड़ा से रुद्रप्रयाग की ओर आ रहा था। वाहन में सवार सभी युवक स्थानीय है।

### कार पलटने से दो लोग घायल

नई टिहरी : ऋषिकेश–बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बछेलीखाल के निकट स्थित डंपिंग जोन में शुक्रवार सुबह एक कार के पलटने से महिला सहित दो लोग घायल हो गए। कार सवार देहरादून से एकेश्वर ब्लॉक पौड़ी जा रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला व पुरुष को सीएचसी बागी में उपचार के लिए भर्ती करवाया। थाना प्रभारी महिपाल सिंह रावत ने बताया कि भरपूर गांव निवासी अंकित सजवाण ने शुक्रवार सुबह बछेलीखाल से सौ मीटर आगे स्थित डंपिंग जोन में एक कार के पलटने की सूचना दी।

# ड्रग रैकेट मामले में इंदौर कांग्रेस ने मांगा डिप्टी सीएम का इस्तीफा

## कहा– सरगना के साथ है कई वीडियो

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के गुजरात पुलिस और एनसीबी द्वारा मध्य प्रदेश में पकड़े गए ड्रग रैकेट के सरगना के साथ कथित संबंध का आरोप लगाते हुए उनके इस्तीफे की मांग की है। मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शुक्रवार को दावा किया कि भोपाल में पकड़े गए हजारों करोड़ के ड्रग रैकेट के सरगना के साथ देवड़ा की सैकड़ों तस्वीरें और वीडियो है। साथ ही आरोप लगाया कि यह महज संयोग नहीं कि इंटरनेट मीडिया पर ड्रग तस्कर के डिप्टी सीएम से जुड़ी कम से कम 500 फोटो और वीडियो उपलब्ध हैं। पटवारी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जब यह



साबित हो गया है कि ड्रग तस्कर डिप्टी सीएम के सबसे करीबी सहयोगियों में से एक है तो पार्टी उन्हें क्यों बचा रही है।

**जीतू पटवारी ने देवड़ा को बर्खास्त करने की मांग की**

कांग्रेस मुख्यालय में यहां प्रेस कांफ्रेंस करते हुए जीतू पटवारी ने डिप्टी सीएम पर लगे गंभीर आरोपों को देखते हुए प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप का आग्रह करते हुए देवड़ा को बर्खास्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि ऐसा न करने पर भाजपा और केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल उठेंगे।

**'देश में दो करोड़ नशेड़ी पैदा करने में कामयाब हो गए'**

देश में नशे की गहराती समस्या की चर्चा करते हुए उन्होंने केंद्र सरकार के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि हर साल नशे की लत के करीब दो करोड़ मामले सामने आ रहे हैं। कांग्रेस नेता ने तंज कसते हुए कहा कि मोदी सरकार हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा तो पूरा नहीं कर सकी लेकिन वे हर साल देश में दो करोड़ नशेड़ी पैदा करने में कामयाब हो गए हैं।

### एनआइए ने चेन्नई में हिज्ब–उत–तहरीर के सरगना के घर की छापेमारी

चेन्नई। तमिलनाडु में एनआइए ने हिज्ब–उत–तहरीर (एचयूटी) के सरगना फैज–उल–रहमान के चेन्नई स्थित आवास पर गुरुवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को चेन्नई से फैज–उल–रहमान को गिरफ्तार किया था। रहमान के घर से एनआइए को कई इलेक्ट्रानिक डिवाइस, कागजात और अवैध सामान मिला है। एनआइए के अनुसार, इस संगठन और इससे जुड़े संदिग्ध आतंकियों को पाकिस्तान फौज से मदद मिल रही थी। इस संगठन से जुड़े संदिग्ध कश्मीर में आतंकी वारदातों में शामिल रहे थे। इन संदिग्धों का मकसद कश्मीर में इस्लामिक रूल्स लागू करना था। जिसके लिए ये साजिश रच रहे थे। गिरफ्तार आरोपित अपने एजेंडा को चलाने के लिए तमिलनाडु में अभियान चला रहे थे। यह संगठन नौजवानों को ब्रेनवाश करके आतंकी संगठनों जैसे आइएस में शामिल होने के लिए तैयार कर रहा था।

# नए भू–कानून में संभव नहीं होगी नियमों की अनदेखी, उल्लंघन हुआ तो बचना मुश्किल

देहरादून। प्रदेश में प्रस्तावित नए भू–कानून में भूमि की खरीद और बिक्री में नियमों को अनदेखा करना संभव नहीं होगा। नियमों का उल्लंघन करने के साथ ही संबंधित व्यक्ति अथवा संगठन के बारे में पूरी जानकारी सामने आएगी। इस व्यवस्था के लिए प्रौद्योगिकी की सहायता ली जा सकती है। साथ में वर्तमान भू–कानून के प्रविधानों का का जिस प्रकार ताक पर रखा गया है, नए कानून में यह सभी कुछ कार्रवाई के दायरे में लाने की तैयारी है। प्रदेश सरकार नया भू–कानून कड़ा बनाने का संकेत दे चुकी है। वर्तमान भू–कानून के उल्लंघन पर भी सख्त रुख अपनाया गया है। प्रदेश में तेजी से हो रही भूमि की खरीद व बिक्री में तेजी आई है। सरकार इस पर नजर रख रही है। कानून के कुछ प्रविधानों का, विशेष रूप से उल्लंघन किए जाने की जानकारी सामने आई है। ऐसे प्रकरणों पर




सरकार कड़ी कार्रवाई कर सकती है। साथ में ऐसे प्रकरणों को नए भू–कानून के प्रस्तावित कड़े प्रविधानों के लिए आधार के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

**भू–कानून कड़ा बनाने का स्पष्ट संकेत**

प्रदेश सरकार नया भू–कानून कड़ा बनाने का स्पष्ट संकेत दे चुकी है। हिमाचल की भांति उत्तराखंड में भी भू–कानून की मांग लंबे समय से की जा रही है। इसे लेकर आंदोलन भी चल रहा है। ऐसे में मनमाने ढंग से भूमि की खरीद और इसमें फर्जीवाड़ा रोकना अब सरकार की बड़ी प्राथमिकता में है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कह चुके हैं कि नया भू–कानून अगले बजट सत्र में लाया जाएगा। वर्तमान भू–कानून में विसंगतियां दूर कर उसे प्रभावी बनाने के लिए भी नए कानून में कदम उठाए जाएंगे। प्रदेश में तेजी से हो रही भूमि की खरीद व बिक्री में तेजी आई है। सरकार को जो जानकारी मिली है, उसमें वर्तमान भू–कानून के कुछ प्रविधानों का विशेष रूप से उल्लंघन किए जाने की जानकारी सामने आई है। ऐसे प्रकरणों पर सरकार कड़ी कार्रवाई का मन बना चुकी है। कार्रवाई से पहले समस्त जिलों से भूमि के जिन कानूनों का उल्लंघन किया गया है, उनका विस्तार से विवरण मांगा गया है। विवरण में भू–कानून के उल्लंघन के कारकों का अध्ययन व गहन मंथन किया जाएगा।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आर्मी कमांडर कान्फ्रेंस में लिया हिस्सा

## कहा– सेना सबसे भरोसेमंद संगठन

गंगटोकः बंगाल के सुकमा में शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वर्चुअल ढंग से आर्मी कमांडर कान्फ्रेंस में हिस्सा लिया। उन्होंने भारतीय सेना की तारीफ करते हुए इसे देश का सर्वाधिक भरोसेमंद और प्रेरणादायी संगठन बताया। उन्होंने कहा कि हमारी सीमाओं की रक्षा करने और आतंकवाद से लड़ने के अलावा जरूरत के समय नागरिक प्रशासन को सहायता प्रदान करने में भारतीय सेना महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। खराब मौसम में हेलीकॉप्टर से सिक्किम ना जा पाने के कारण उन्होंने सैन्य स्थान से हर सैनिक के योगदान की प्रशंसा की और राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वालों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा



कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में सैन्य नेतृत्व ने बेहतरीन काम किया है।

**'सैन्य कमांडरों के सम्मेलन में ले रहा हूं भाग'**

पांच साल से अधिक समय तक सैन्य कमांडरों के सम्मेलन में भाग ले रहा हूं और इन उच्चस्तरीय चर्चाओं से सशस्त्र बलों समेत पूरे देश को लाभ मिलता है। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को शामिल करने में सेना के प्रयास सराहनीय हैं। मौजूदा जटिल वैश्विक स्थिति पर उन्होंने कहा कि अपरंपरागत और सैन्य क्षमता में भारी अंतर वाली लड़ाई समेत हाइब्रिड युद्ध भविष्य के संघर्षों का अभिन्न अंग होगा। रणनीति बनाते समय इन बातों पर सोच–विचार के साथ मौजूदा और ऐतिहासिक दोनों घटनाओं से निरंतर सीखने की जरूरत है। उत्तरी सीमाओं पर किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने में सेना की क्षमता पर पूरा भरोसा है।

**आतंकवाद से निपटने में पुलिस और सेना का जबरदस्त तालमेल**

सभी स्तरों पर शांतिपूर्ण समाधान वार्ता जारी रहेगी। रक्षा मंत्री ने बताया कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद सीमा सड़क संगठन ने पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं पर सड़क संचार में महत्वपूर्ण सुधार किया है और यह प्रगति जारी रहनी चाहिए।

जम्मू–कश्मीर में आतंकवाद से निपटने में पुलिस और सेना का जबर्दस्त तालमेल शानदार है।

### हैदराबाद में दुर्गा पंडाल में तोड़फोड़, बदमाशों ने देवी की साड़ी भी फेंकी

हैदराबाद। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के नामपैली में स्थित देवी दुर्गा माता के पंडाल में अज्ञात अराजक तत्वों ने तोड़फोड़ की है। देवी की प्रतिमा को भी आंशिक रूप से क्षति पहुंचाई गई है। बेगम बाजार पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**जोड़ी गई देवी की प्रतिमा**

असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर ए.चंद्रशेखर ने शुक्रवार को बताया कि अज्ञात लोगों ने भोर में ही देवी की प्रतिमा के एक हाथ को क्षति पहुंचाई है। हालांकि, प्रतिमा को जोड़ दिया गया है और देवी की पूजा जारी है।

पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच जारी है।

# टनकपुर और नैनीताल के लिए बढ़ानी पड़ी अतिरिक्त बसें

हल्द्वानी। त्योहारी सीजन में यात्रियों की भीड़ बढ़ने लगी है। दशहरा त्योहार पर टनकपुर के लिए हल्द्वानी से यात्रियों की संख्या बढ़ने के कारण शुक्रवार को रोडवेज की चार अतिरिक्त बसें इस रूट पर भेजी गईं। वहीं दोपहर के समय नैनीताल के लिए भी पर्याप्त बसें नहीं होने से यात्रियों को इंतजार करना पड़ा। विजयदशमी और अगले दिन रविवार पड़ने के कारण दो दिन का अवकाश है। इस कारण बड़ी संख्या में लोग घर जा रहे हैं या फिर तीन दिन के वीकेंड की वजह से पर्यटक स्थलों के लिए लोग आ रहे हैं। इससे रोडवेज की बसों में भी यात्री बढ़ने लगे हैं। शुक्रवार को दोपहर तक हल्द्वानी बस अड्डे से टनकपुर के लिए यात्रियों की संख्या काफी अधिक रही। दरअसल, उत्तराखंड के अलग–अलग हिस्सों में कामकाज करने वाले नेपाल मूल के लोग दशहरा त्योहार के लिए खासी तादाद में घर लौट रहे हैं। शुक्रवार को दोपहर तक बस अड्डे में टनकपुर जाने वाले यात्री काफी संख्या में रहे। इसे देखते हुए हल्द्वानी डिपो प्रबंधन ने चार अतिरिक्त बसें टनकपुर के लिए भेजीं। वहीं दोपहर के समय नैनीताल के लिए भी यात्री बसों का इंतजार करते नजर आए। जिसके बाद नैनीताल के लिए भी बसें लगाईं। हल्द्वानी डिपों के एआएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि टनकपुर रूट के लिए यात्री ज्यादा होने के कारण चार अतिरिक्त बसें भेजी गईं। वहीं नैनीताल के लिए दोपहर में फेरे बढ़ाए गए।

## सम्पादकीय

# सड़कों पर नपेंगे अफसर

उत्तराखंड में इस मानसून में सड़कों को काफी नुकसान पहुंचा है। मैदान से लेकर पहाड़ो तक सड़कें क्षतिग्रस्त हुई है और इनमें ऐसी सड़के भी शामिल है जो हाल ही में बनाई गई थी जो गुणवत्ता की कसौटियों पर खड़ी नहीं उतरी। शासन ने अब सड़कों को बनाने का काम शुरू किया है जिसका लक्ष्य 15 अक्टूबर रखा गया है। हालांकि सड़कों की हालत और विभाग के कार्य करने की गति पर नजर डालें तो अभी भी लगता नहीं की निर्माण एजेंसियां 15 अक्टूबर तक इस लक्ष्य को पूरा कर पाएंगे। मुख्यमंत्री द्वारा इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए कड़े निर्देश जारी किए गए हैं और साथ ही स्पष्ट कर दिया गया है कि यदि यह कार्य 15 अक्टूबर तक पूरा नहीं हुआ तो अफसर की एसीआर में यथोचित प्रविष्टि की जाएगी। उत्तराखंड में सड़कों के निर्माण को लेकर हमेशा से ही सवाल खड़े होते आए हैं खास तौर से सड़कों की गुणवत्ता के साथ जिस प्रकार से उदासीनता बरती जाती है वह विभागीय लापरवाही और नजरअंदाजी का एक बड़ा उदाहरण है। ना जाने कितनी ही सदके बनने के कुछ समय बाद ही दम तोड़ देती है और अपनी तय सीमा भी पूरी नहीं कर पाती। अक्सर टूटी हुई सड़कों में पेचवर्क लगाकर घटिया गुणवत्ता को छुपाने का प्रयास किया जाता है तोवसाथ ही इसके पीछे छिपा भ्रष्टाचार का बड़ा खेल भी बड़ी खूबसूरती से छिपा लिया जाता है। धामी सरकार सरकारी कार्यो को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है जिसमें लोक निर्माण विभाग से लेकर नगर निगम और दूसरी एजेंसी को भी दायरे में रखा गया है। सड़कों के निर्माण का कार्य भी शासन की हिट लिस्ट में है और इसमें यदि अब किसी भी प्रकार की कोताही पाई गई और 15 अक्टूबर के लक्ष्य तक टूटी हुई सड़के ठीक नहीं की गई तो इसके लिए अधिकारियों पर गाज गिरनी तय है। यहां सरकार को सड़कों को लेकर एक महत्वपूर्ण दिशा निर्देश जारी करने चाहिए जिसमें सड़कों के निर्माण के बाद उनके टिके रहने तय सीमा भी निर्धारित होनी चाहिए। विभागीय अधिकारियों से लेकर ठेकेदार तक उत्तराखंड में बेलगाम हो चुके हैं और यही कारण है कि आम जनता को ऐसी घटिया सड़के मिल रही है जो बिना बारिश के भी वाहनों के चलने से ही उखड़ जाती हैं। जब तक ठेकेदारों से सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता की गारंटी नहीं ली जाएगी तब तक ना तो भ्रष्टाचार का यह खेल रुकने वाला है और ना ही सड़कों के निर्माण में लीपा पोती ही रुक पाएगी।

# भजन प्रतियोगिता में गढ़ गोरिल रहा पहले स्थान पर



**जयन्त प्रतिनिधि।** पौड़ी : कोट ब्लॉक के अंतर्गत भुवनेश्वरी सिद्ध पीठ में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रथम दिवस से चल रहे विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समापन हो गया है।

मंदिर समिति द्वारा आयोजित भजन प्रतियोगिता में 22 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में गढ़ गोरिल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 3100 व चल बैजंती को हासिल किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए आचार्य नवीन ममगांई ने बताया कि प्रत्येक नवरात्रि में समिति के द्वारा विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम यहां पर आयोजित होते हैं। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिगंबर जुयाल, सचिव सतीश, आयोजक समिति उपासक मंडल देहरादून के अध्यक्ष राजेंद्र जुयाल, सचिव दुर्गा जुयाल, स्थानीय समिति के अध्यक्ष नवीन जुयाल, सलाहकार अनसूया प्रसाद, दिल्ली सभा के अध्यक्ष जनार्दन जुयाल, महासचिव द्वारिका जुयाल आदि सभी समिति के पदाधिकारी व सदस्यों ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद व्यापित किया। कहा कि आप समय-समय पर इन कार्यक्रमों में उपस्थित होकर मां का आशीर्वाद अवश्य लेते रहें। मंदिर समिति आपका सदैव इस प्रांगण में हार्दिक स्वागत करती है। बताया कि कल नवमी को हवन के बाद ही इस शारदीय नवरात्रि का अनुष्ठान समापन हो जाएगा। उसके बाद सभी भक्तों के लिए प्रत्येक नवरात्रि की भांति विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।

# यूकेडी 24 अक्टूबर को देहरादून में निकालेगी तांडव रैली

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तराखंड क्रांति दल 24 अक्तूबर को मूल निवास और भू कानून सहित अन्य मांगों को लेकर देहरादून में तांडव रैली निकालेगा। इस दौरान यूकेडी कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास का भी घेराव करेंगे। उत्तराखंड क्रांति दल के पूर्व अध्यक्ष वर्तमान संरक्षक त्रिवेंद्र पवार ने कहा कि राज्य सरकार नौ नवंबर को समान नागरिक संहिता कानून की घोषणा कर पहाड़ के जल, जंगल, जमीन के साथ मूल निवास हमसे छीनने का काम कर रही है। कहा कि उत्तराखंड राज्य के आंदोलन के लिए उक्रांद का उदय हुआ। लंबे संघर्षों के बाद हमें जो राज्य मिला है वह उक्रांद जनता को बताने में असफल रहा। जिस कारण राष्ट्रीय पार्टियां सत्ता पर काबिज हो गईं।गढ़वाल विकास मंडल श्रीनगर में पत्रकारों से शुक्रवार को वार्ता करते हुए उत्तराखंड क्रांति दल के पूर्व अध्यक्ष वर्तमान संरक्षक त्रिवेंद्र पवार ने कहा कि पहाड़ के अस्तित्व को बचाने के लिये मूल निवास, भू-कानून की लड़ाई जरूरी है। कहा कि राज्य बनने के 24 सालों में राज्य की प्रमुख जरूरतें आज हमारे सामने प्रश्न बनकर खड़ी हो गई हैं। जिस कारण मूल निवासियों का पतन जारी है। राज्य में मूल निवास 1950 भू-कानून लागू करना उक्रांद का प्रथम लक्ष्य है। दल मजबूती से पंचायत, विधानसभा चुनाव में उत्तराखंड के जल जंगल जमीन की लड़ाई को आम जनता के बीच लेकर जायेगा। पंवार ने कहा कि तांडव रैली के माध्यम से यूकेडी मूल निवास 1950 के तहत अब तक जारी स्थाई निवास प्रमाण पत्रों की समीक्षा करने, हिमालयी राज्यों की भांति उत्तराखंड में अनुच्छेद 371 को विशेष व्यवस्था के अंतर्गत भू-कानून लागू करने, गैरसैंण को राज्य की स्थाई राजधानी घोषित करने, मूल राज्य विधेयक में किए गए 29 संशोधनों को निरस्त करने सहित अन्य विषयों को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर राष्ट्रीय पार्टियों को जगाने काम करेगी।

# जनपद स्तरीय अधिकारी ग्रामीणों के साथ करेंगे बैठक

## जिलाधिकारी के निर्देशन में माह अक्टूबर हेतु रोस्टर जारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : क्षेत्रीय जनमानस की समस्याओं का निस्तारण करने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवास करते हुए ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का निस्तारण करेंगे। इस दौरान अधिकारी सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से आम जनमानस को अवगत कराएंगे। साथ ही संबंधित गांव में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन से संबंधित कार्यों की निगरानी करना सुनिश्चित करेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद स्तरीय अधिकारियों का माह अक्टूबर हेतु रोस्टर जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि विकास खंडवार निर्धारित रोस्टर के अनुसार उप वन संरक्षक कल्याणी विकस खंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत दौला में ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगी। इसी तरह अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ग्राम पंचायत केड़ा, परियोजना निदेशक विमल कुमार तूना, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रवेंद्र कुमार बिष्ट ग्राम पंचायत क्यूंजा में भ्रमण करने के साथ ही ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगे। उन्होंने बताया कि उप जिलाधिकारी जखोली भगत सिंह फोनिया विकास खंड जखोली की ग्राम पंचायत सौंराखाल, अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई ओम जी गुप्ता जैली अधिशासी अभियंता जल निगम नवल कुमार पांजणा तथा प्र. जिला सूचना अधिकारी रती लाल ग्राम पंचायत नाग में ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगे। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत विकास खंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत कोलू भन्नू, उप जिलाधिकारी आशीष चंद्र घिल्डियाल ग्राम पंचायत बीना, जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे जलई सुरसाल, जिला आबकारी अधिकारी रमेश चंद्र ग्राम पंचायत कुरझण में भ्रमण कर ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगे। इस तरह 45 जनपद स्तरीय अधिकारियों को विभिन्न ग्राम पंचायतों का आवंटन किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी नामित अधिकारियों से उनसे संबंधित ग्राम पंचायतों का भ्रमण करते हुए ग्रामीणों के साथ बैठक करने की अपील की है। साथ ही बैठक की आख्या जिला कार्यालय सहित मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराने की अपील की है।

# भगवान श्रीराम की शिक्षा को आत्मसात कर जीवन को सार्थक बनाएं : धामी

## सीएम ने प्रदेशवासियों को दी दशहरा पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को विजयदशमी/दशहरा पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। विजयदशमी की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि विजयदशमी का पर्व अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई तथा असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। यह उत्सव हम सभी को अपने भीतर की बुराइयों को त्यागकर जीवन में सदाचार की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। यह पावन पर्व हमें इस बात का भी सदैव स्मरण कराता है कि सच्चाई का साथ देने वालों की



हमेशा जीत होती है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि बुराई पर अच्छाई की विजय के इस पावन पर्व पर भगवान श्रीराम की शिक्षाओं को आत्मसात कर जीवन को सार्थक बनायें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जरूरत इस बात की है कि हम अपने जीवन में अहंकार से मुक्त होकर सच्चाई के रास्ते पर चलें और प्रदेश व देश की सामाजिक समरसता के लिए मिलजुल कर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम सत्य, मर्यादा, न्याय, शांति, परोपकार और लोक कल्याण के लिए समर्पित थे। कहा कि भगवान श्रीराम हम सभी को अपने भीतर व्याप्त अहंकार, क्रोध और लोभ रूपी रावण के विनाश का सामर्थ्य तथा अपने समस्त मानवीय कर्तव्यों के निर्वहन का सामर्थ्य प्रदान करें। उन्होंने कहा कि धर्म और सत्य की विजय के इस मंगल पर्व पर प्रभु श्रीराम के चरणों में यही प्रार्थना है कि सब सुखी हों, सबका मंगल और कल्याण हो, हर घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली हो।

## गड्ढा मुक्त सड़कों का दावा खोखला : जोशी

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री नवीन जोशी ने 'गड्ढा मुक्त उत्तराखंड' के दावे को खोखला बताया है। उन्होंने कहा कि देहरादून जैसी स्मार्ट सिटी में हर तरफ गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं। लोग आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। जोशी ने कहा कि भाजपा शासन में विकास कार्य पूरी तरह से ठप पड़े हैं। उन्होंने राजपुर विधानसभा क्षेत्र में जनता से बातचीत करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था बिगड़ी हुई है और स्मार्ट सिटी का दावों पर खरी नहीं उतरी है। नालियां जाम हैं, सड़कों पर पानी भर जाता है और बिजली भी अक्सर गुल रहती है। जोशी ने कहा कि लोगों की शिकायतों के बावजूद नगर निगम कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। उनके साथ प्रवक्ता आशीष नौटियाल, गिरिराज हिंदवान, वीरेंद्र पंवार, विकेश कुमार, राजेश कुमार, ब्रजभूषण, राम आसरे और अन्य पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

## जुलूस प्रदर्शनों पर पाबंदी पर बसपा ने एतराज जताया

देहरादून। शहर के प्रमुख चौक समेत गांधी पार्क के बाहर धरना, प्रदर्शन और जुलूस पर प्रतिबंध लगाने पर बसपा ने एतराज जताया है। बसपा के जिलाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने कहा कि बसपास के अलावा अन्य राजनैतिक दलों और संगठनों ने भी कड़ी आपत्ति जताई है। कहा कि जिन स्थानों पर प्रतिबंध लगाया गया है वह देहरादून की पहचान हैं। गांधी पार्क और घंटाघर पर कई महान विभूतियों की मूर्तियां हैं। गांधी पार्क के साथ ही बुद्धा चौक और दीनदयाल पार्क में भी विशेष अवसरों पर शहरवासी जुटते हैं, लेकिन इन स्थानों पर प्रतिबंध लगने से लोग अपने आदर्शों की याद में एकत्रित भी नहीं हो पाएंगे। इसके अलावा जिला मुख्यालय में होने वाले धरना–प्रदर्शन के लिए भी जुलूस इन स्थानों से गुजरते हैं। जिला प्रशासन को इस तरह के कदम उठाने से पहले राजनैतिक दलों और सामाजिक संगठनों के साथ राय–शुमारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सिर्फ पुलिस और प्रशासनिक आधार पर इस तरह के निर्णय लेना लोकत्रांतिक प्रक्रिया के तहत ठीक नहीं है, ।

## हरिद्वार रोड अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

देहरादून। हरिद्वार हाईवे पर अजबपुर से बद्रीपुर के बीच साइकिल से जा रहे व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत हो गई। साइकिल सवार को टक्कर मारने वाले व्यक्ति का कुछ पता नहीं लग पाया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसओ नेहरू कॉलोनी मोहन सिंह ने बताया कि बीते नौ अक्टूबर रविंद्र सिंह निवासी शीतल विहार, अजबपुर खुर्द अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे।

# जल जीवन मिशन के दूसरे चरण की योजनाओं को तेजी से पूरा करें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने शुक्रवार को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जल संस्थान और जल निगम को जल जीवन मिशन के दूसरे चरण में स्वीकृत योजनाओं को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के तहत संचालित कार्यों को गुणवत्ता के साथ मिशन मोड में पूरा किया जाए। अधिशासी अभियंता अपने डिवीजन के अंतर्गत निर्माणाधीन योजनाओं की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करें। जिन योजनाओं में अधिक कार्य शेष है, उनमें श्रमिकों की संख्या बढ़ाई जाए। जो ठेकेदार काम नहीं कर पा रहे है उनसे काम हटा कर दूसरे ठेकेदार को दिया जाए। जो योजनाएं पूर्ण हो गई है, उनका एनजीओ के माध्यम से शीघ्र जीओटैंगिक कराया जाए। एडीओ पंचायत से समन्वय करते हुए हर घर जल



ग्रामों के सत्यापन कार्यों में तेजी लाए। कहीं पर कोई समस्या हो तो तत्काल अवगत कराए, ताकि समय पर समस्या का समाधान हो सके। गोपेश्वर जल संस्थान के सहायक अभियंता से जल जीवन मिशन के तहत संचालित कार्यों की जानकारी न मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते अधीक्षण अभियंता को अपने स्तर पर रेगुलर समीक्षा करने के निर्देश दिए। हिदायत दी जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने जल संस्थान और जल निगम को वर्ल्ड बैंक, नाबार्ड, जायका और अमृत्व योजना में प्रस्तावित नई पेयजल योजनाओं का विवरण भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता सुशील कुमार सैनी ने बताया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं के पुनर्गठन एवं जल स्रोतों के सुधारीकरण हेतु दूसरे चरण में जनपद में कुल 571 योजनाओं में से 378 पूर्ण कर ली गई है और 193 योजनाओं का कार्य चल रहा है। हर घर जल के अंतर्गत 1112 गांवों के सापेक्ष 291 गांवों में सत्यापन कार्य पूरा कर लिया गया है और 821 गांव शेष है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार, जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता सुशील कुमार सैनी, जल निगम के अधिशासी अभियंता अरुण सिंह, अधिशासी अभियंता मुकेश कुमार, सहायक अभियंता आरएम गुप्ता आदि मौजूद थे।

## शिक्षकों को दी बच्चों में होने वाले रोगों की जानकारी

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक के राइंका घुमेटीधार और केमरा केमर में शुक्रवार को स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस प्रोग्राम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में ब्लॉक के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों से आए शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य को लेकर चर्चा की। राइंका घुमेटीधार में आयोजित स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस प्रोग्राम पर कार्यशाला का शुभारंभ प्रधानाचार्य हेमलता चौहान ने किया। कार्यशाला में पहुंचे संदर्भदाता संजय गुसाईं ने उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं को बच्चों में होने वाले विभिन्न रोगों एवं उनके निवारण की जानकारी दी। इस मौके पर डायट टिहरी से दीपक रतूड़ी, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष लोकेंद्र रावत, गोपेश्वर अंथवाल, विकास भूषण, आजाद रमोला, विजय चंद रमोला आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# जलवायु के अनुरूप खेती करने की जरूरत

नई टिहरी : डालियों का दगड़िया संस्था (डीकेडी)ने टीडीएच जर्मनी, राइस और माउंट वैली डेवलेपमेंट संस्थान के सहयोग से सतत विकास लक्ष्य को लेकर जिला स्तरीय नेटवर्क कार्यशाला आयोजित की। जिसमें जलवायु परिवर्तन के कारण खेती और हिमालय पर पड़ रहे दुष्प्रभाव के कारणों पर चर्चा की। कहा कि परंपरागत पद्धति को आधार मानकर पर्यावरण को सरंक्षित किया जा सकता है। साथ ही जलवायु के अनुरूप खेती करने की भी जरूरत है। शुक्रवार को न्यू टिहरी प्रेस क्लब में आयोजित कार्यशाला में जिला विकास अधिकारी मोहम्मद असलम ने कहा कि पारंपरिक ज्ञान और संसाधनों का उपयोग कर पर्यावरण और जलवायु का संरक्षण किया जा सकता है। इसके लिए मनरेगा से लेकर अन्य सरकारी संसाधन भी उपयोग किया सकता है। कहा कि अमृत सरोवर, पारंपरिक चारी, जल स्रोतों के संवर्द्धन और पौधारोपण के लिए भी मनरेगा से काम हो रहे हैं। कृषि विज्ञान केंद्र रानीचौरी के प्रभारी डॉ. आलोक यावले ने कहा कि ने किसानों के लिए संचालित किसान सम्मान निधि, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, फसल बीमा समेत कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। डीकेडी के सचिव डॉ. मोहन सिंह पंवार ने कहा कि संस्थान जलवायु परिवर्तन के अनुकूल समायोजन के लिए जाखणीधार ब्लॉक के 15 गांव में कलस्टर में बीएमजेड जर्मनी और टीडीएच के सहयोग से कार्य कर रहा है। हितायु के सचिव दिवाकर पैन्यूली, धारकोट की प्रधान निवेदिता परमार, मंदार के पूर्व प्रधान ध्यान सिंह रावत ने भी पर्यावरण संरक्षण और संवर्द्धन को लेकर अपने अनुभव साझा किए।

# दून में श्रद्धापूर्वक नवमी में पूजी गई कन्याएं

देहरादून। शारदीय नवरात्रि की नवमी पूजन दून में विभिन्न स्थानों में धूमधाम और हर्षोल्लास से हुआ। शहर के अधिकांश कॉलोनियों में कन्याओं को अपने अपने घर पर आमंत्रिण कर उन्हें पूजने के लिए हर कोई उल्लास से भरा हुआ नजर आया। मंदिरों में विशेष पूजाएं हुई। कन्याओं की एक पूरी टीम हाथों में चुनरी थामे, पूजन में अर्पित सामग्री लेकर चली आ रही थी। पूरा दिन पूजा, आमंत्रण और सस्कार में व्यस्त कन्याओं को लाने ले जाने की जिम्मेदारी पूरी तरह से उस परिवार ने उठा रखी थी। जिन्होंने उन्हें अपने घर पर आमंत्रित किया था। घरों में विशेष पकवान बनाए गए। हलवा, पूड़ी, खीर से कन्याओं को जिमाया गया। घरों में बोई गई हरियाली को प्रसाद रुप में परिजनों में बांटा गया। मीठे गुलगुले बनाकर प्रसाद के रुप में बच्चों को दिया गया। नवरात्रि में नौ दिन उपवास रखने वाली व्रती महिलाओं ने अपने व्रत का उद्धापन किया। मां दुर्गा से मनोकामना मांगते हुए परिवार की खुशहाली की कामना की गई।

**कैबिनेट मंत्री ने राधाकृष्ण मंदिर में पूजी 151 कन्याएं**

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को शारदीय नवरात्रि की महानवमी के सुअवसर पर किशन नगर स्थित राधा कृष्ण मंदिर में मां सिद्धिदात्री की आराधना कर 151 नौदुर्गा स्वरूपा कन्याओं का सामूहिक रूप से विधि विधान पूर्वक कन्या पूजन किया। मंत्री ने कन्याओं के पांव पखारे, उनको चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया। दक्षिणा और उपहार देकरनौ दुर्गा स्वरूपा कन्याओं का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि की कामना भी की। मंत्री ने प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवरात्रि में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की उपासना का विशेष महत्व है। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, भाजयुमो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी, मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, निवर्तमान पार्षद नंदनी शर्मा, डॉ. बबीता सहोत्रा, राकेश जोशी, वाईएस चौहान सहित कई लोग उपस्थित रहे।

**टपकेश्वर में हुआ विशेष अनुष्ठान**

विश्व शांति, देश के चहुमुखी विकास, देवभूमि उत्तराखंड की सुख शांति और समृद्धि की मंगल कामनाओं के साथ माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर गढ़ी कैंट में आयोजित विशेष शारदीय नवरात्रि पूजा अनुष्ठान की शुक्रवार को पूर्णाहुति दी गई।

## माता के दरबारों में पूजा अर्चना और कन्या पूजन किया

चमोली : नवरात्रि की अष्टमी और नवमी पर माता के दरबारों में पूजा अर्चना और कन्या पूजन किया गया। राजा सगर की भूमि सगर गांव में माता चंडिका देवरा यात्रा का दिव्य अनुष्ठान हुआ। माता अनसूया के मंदिर में पूजा अर्चना की गई। शुक्रवार को बदरीनाथ मार्ग कंचनगंगा में क्षेत्र की अराध्य देवी मां नवदुर्गा तिला भराड़ी मन्दिर में कन्या पूजन तथा मां सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा-अर्चना की गयी। इस अवसर पर बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष किशोर पंवार, जय मां नंदा समिति अध्यक्ष राजदेव मेहता समेत बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# आनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

नई टिहरी : 15 लाख से अधिक की ऑनलाइन ट्रेडिंग करने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को टिहरी पुलिस से हरियाणा से गिरफ्तार किया है। इनके विरूद्ध आईटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि मुनिकीरेती थाना क्षेत्र में बीते 16 सितम्बर को चौदह बीघा निवासी रविंद्र सिंह ने शेयर बाजार में ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम से एक एप डाउनलोड कर एक कंपनी में 15 लाख 77 हजार रुपए की ट्रेडिंग के बहाने धोखाधड़ी की तहरीर दी। एक्टिव सर्विलांस और अन्य माध्यमों से टिहरी पुलिस ने गुरुवार शाम को दोनों आरोपियों को फरीदाबाद हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया है।

उनके कब्जे से मोबाइल फोन, सिम कार्ड और एटीएम कार्ड भी बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। दीपक की फरीदाबाद में एक छोटी फैक्ट्री है। जबकि कृष्ण हॉज पाइप के मोल्ड बनाने का काम करता है। जहां उनकी जान पहचान योगेश नाम के व्यक्ति से थी। जिसने उनसे कोटक महिंद्रा, आईडीएफसी, इंडसइंड बैंक में करंट खाता खुलवाने को लेकर उन्हें लालच देकर धनराशि देने का आश्वासन दिया। कहा कि वह भी लोगों को बातों से जाल में फंसाते थे और धनराशि को विभिन्न तरह से प्रलोभन देकर ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर खातों में ट्रांसफर कर लेते थे। पुलिस टीम में साइबर सेल के एसआई संजय मिश्रा, दर्शन काला, हेड कांस्टेबल विकास सैनी, मयंक बलूनी शामिल रहे। (एजेंसी)

# राज्यपाल ने किया ग्राफिक एरा पर्वतीय विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को ग्राफिक एरा पर्वतीय विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। दीक्षांत समारोह में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी के 17 अभ्यर्थियों सहित 2023 एवं 2024 बैच के कुल 8245 अभ्यर्थियों को स्नातकोत्तर एवं स्नातक की उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के जीवन की सबसे यादगार उपलब्धियों में से एक है। आज के दिन विश्वविद्यालय और इसके संकाय, युवा छात्र एवं छात्राओं को जीवन की नई यात्रा शुरू करने के लिए स्नातक होते देखकर गर्व महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रति आपकी जिम्मेदारी को समझने और उसे निभाने की प्रेरणा भी देती है। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय हमारे लिए ढेरों अवसर अपने साथ लाया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, बिग डेटा, ड्रोन टेक्नोलॉजी, क्वांटम कंप्यूटिंग, ऑगमेंटेड रियलिटी, मेटावर्स जैसी तकनीकें जहां तेजी से बदलाव ला रही हैं, वहीं मौजूदा पीढ़ी के लिए कई अवसर भी पेश कर रही हैं। शिक्षा क्षेत्र के साथ ही अन्य सभी क्षेत्रों में एआई की भूमिका लगातार विकसित हो रही है। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है कि शैक्षणिक समुदाय के



सभी हितधारक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षा के साथ एक पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए एक साझा लक्ष्य की दिशा में मिलकर काम करें।राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में उपस्थित छात्र–छात्राओं ने किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की अपील करते करते हुए कहा की नशा देश और समाज के लिए बहुत ही घातक है। नशा हमारे समाज, विशेकर युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल रहा है। यह न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि अपराध और सामाजिक अस्थिरता को भी जन्म देता है। उन्होंने कहा कि सरकार, सामाजिक संगठनों, और खासकर शिक्षा संस्थानों को मिलकर इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। राज्यपाल ने कहा कि आज देश अपने इतिहास के एक निर्णायक मोड़ पर हैं, जब हम 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। यह समय बहुत महत्वपूर्ण है, चुनौतियां बड़ी हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी छात्र–छात्राएं परिवर्तन के कर्णधार हैं, और मुझे यकीन है कि आप में से प्रत्येक इस संस्थान से प्राप्त संपूर्ण मूल्यों और गुणों को आत्मसात करके आत्म निर्भर भारत, विश्व गुरु भारत और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपना सवोच्च योगदान देंगे। ग्राफिक एरा पर्वतीय विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर हर्ष जताते हुए राज्यपाल ने कहा उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि अनुसंधान, विश्वविद्यालय में प्रगति का एक प्रमुख पहलू रहा है।

## डीडीए में आयोजित हुई विक्ट्री परेड

देहरादून। दून डिफेंस एकेडमी में शुक्रवार को विक्ट्री परेड का आयोजन किया गया। जिसके डीडीए व प्रथम पग के सैकड़ों छात्र ग्वाह बने। एनडीए, एफकैट व सीडीएस रिटर्न एग्जाम क्लियर करने वाले डीडीए डायमंड्स का एकेडमी में गाजे–बाजे के साथ निदेशक संदीप गुप्ता, उपनिदेशक दिव्या गुप्ता और फेकल्टी व स्टाफ ने फूल माला पहना कर से स्वागत किया। निदेशक संदीप गुप्ता ने कहा कि उन्हें उम्मीद है छात्र एसएसबी क्लियर करके फ़ाइनल सलेक्शन तक पहुंचेंगे। सम्मानित होने वाले डीडीए डायमंड्स में अनेक शर्मा, अलोक कुमार यादव, शिवम कश्यप, हर्ष तिवारी, सिद्धार्थ कुमार, सुमित कुमार सिंह, युवराज सिंह, निशांत राणा, हर्ष वर्धन गुप्ता, अनुभव कुमार, अर्णव मेनन, शुभ कौशिक, अनुज परासर, सुमित विश्वकर्मा, पुरुषोत्तम सिंह, अनिकेत चौधरी, रोहित सैनी, अमन कुमार शर्मा, गुरप्रीत सिंह, मेहर प्रतीक सिंह, सचिन कुमार, तृप्ति सैनी, श्रेयस बिस्वाल, प्रशांत सिंह, विशाल सिंह, गौरव नेगी, आयुष सिंह कृष्णा व रौनक तनवर आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन सेंटर हेड उमेश कुनियाल ने किया। इस मौके पर कमांडेंट कर्नल सुधीर वर्मा (सेनि), एकेडमिक हेड उदय मेहरा, एसडीओ महावीर रावत, फेकल्टी व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

उत्तराखण्ड शासन

जय श्री राम



समस्त प्रदेशवासियों को

# विजयादशमी

की

## हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ



**प्रिय प्रदेशवासियों,**

**आप सभी को विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ।**

यह पर्व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम द्वारा अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें एक श्रेष्ठ समाज और महान राष्ट्र के निर्माण की प्रेरणा देता है। आपके मुख्य सेवक के रूप में जनता की सेवा ही मेरे लिए प्रभु श्रीराम की सेवा है और उत्तराखण्ड का विकास ही मेरे लिए राम काज है।

आइए, आज के पावन अवसर पर हम संकल्प लें कि हम भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में देवभूमि उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाएंगे।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

## एक नजर

### कार्यदायी संस्थाएं जल जीवन मिशन के कार्यों को जल्द पूरा करें

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** डीएम ने पेयजल योजना का निर्माण कार्य, जियो टैग और हर घर जल प्रमाण पत्र लेने का कार्य पूरा नहीं करने वाली पेयजल निगम और जल संस्थान की डिवीजनों का लक्ष्य तय करते जवाबदेयी तय करने के निर्देश अफसरों को दिए। डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को जल जीवन मिशन के कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने गुरुवार की देर शाम को जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं की लेटलतीफी पर नाराजगी जताई। डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीएम ने परियोजना निदेशक डीआरडीए को लक्ष्य पूरा नहीं करने वाले डिवीजनों के कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जांच करने के निर्देश दिए। डीएम ने बीरोंखाल में स्वीकृत कांडा तल्ला पेयजल योजना का विवाद सुलझाने के लिए संबंधित क्षेत्र के एसडीएम की मदद लेने के निर्देश दिए। बैठक में जल संस्थान के अधिशासी अभियंता एसके रॉय, परियोजना प्रबंधक स्वजल दीपक रावत आदि शामिल रहे।

### खांकरा के ग्रामीणों को दिया जाएगा 10 दिवसीय प्रशिक्षण

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा विकास खंड अगस्त्यमुनि के अंतर्गत ग्राम पंचायत खांकरा में 10 दिवसीय फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी प्रशिक्षण दिया जाएगा। आयोजित होने वाले प्रशिक्षण में जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों का मार्गदर्शन किया जाएगा।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक केएस रावत ने अवगत कराया है कि आगामी 14 से 23 अक्टूबर, 2024 तक विकास खंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत खांकरा में ग्रामीणों को 10 दिवसीय फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से उक्त आयोजित होने वाले प्रशिक्षण में प्रतिभाग करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों का मार्गदर्शन करने की अपील की है।

### रामनवमी सिद्धपीठों पर लगी भक्तों की भीड़

रुद्रप्रयाग : शारदीय नवरात्र का नवमी पूजन और हरियाली वितरण के साथ समापन हो गया है। इस मौके पर बड़ी संख्या में मंदिरों के साथ ही घर मौहल्लों में लोगों ने हरियाली वितरित की और भंडारे का आयोजन किया। सिद्धपीठों में भक्तों की सुबह से भीड़ लगी रही। रामनवमी पर शारदीय नवरात्र का विधिवत समापन हो गया है। सुबह से ही देवी मंदिरों में भीड़ लगी रही। मां के भक्त दर्शनों के लिए लाइन लगाकर खड़े रहे। सिद्धपीठ कालीमठ, हरियाली, मठियाणाखाल, चामुंडा, राकेश्वरी, कालीशिला, जसोली, चंडिका देवी सहित कई देवी मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ा। जबकि गांव, घर मौहल्लों में हरियाली वितरण के साथ लोगों ने भंडारा भी लगाया। कई जगहों पर अखंड कीर्तन किया गया। सुबह से ही जिला मुख्यालय सहित तिलवाड़ा, अगस्त्यमुनि, चन्द्रापुरी, भीरी, ऊखीमठ, गुप्तकाशी, फाटा, रामपुर, सीतापुर, सोनप्रयाग, गौरीकुंड और केदारनाथ में लोगों में उत्साह रहा। देवी मंदिरों को जाने के लिए बाजारों में भी रौनक देखी गई। वहीं देर सांय तक मंदिरों में भक्तों ने कीर्तन भजन किया। भक्तों ने गांव और क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना की। (एजेंसी)

### सुबह-शाम हल्की ठिठुरन के साथ दस्तक देने लगी सर्दी

रुद्रप्रयाग : शारदीय नवरात्र की विदाई के साथ ही पहाड़ों में सुबह-शाम हल्की ठिठुरन के साथ सर्दी दस्तक देने लगी है। एक बारिश होते ही पूरी तरह ठंड की शुरूआत हो जाएगी। हालांकि दीपावली तक मौसम में काफी ठंडक महसूस होने लग जाएगी। बीते कुछ दिनों से मौसम बदलने लगा है। एक ओर ग्रीष्मकाल का सीजन खत्म होते ही सर्दी की शुरूआत होने लगी है वहीं पहाड़ी क्षेत्रों में सुबह-शाम हल्की ठंडक से लोग हल्के गर्म कपड़े निकालने लगे हैं। वहीं घरों में भी लोग गर्म कपड़ों के साथ ही रजाई, कम्बल आदि बाहर निकालने लगे हैं। मुख्यालय के अलावा ऊंचाई वाले ग्रामीण क्षेत्रों में तो सुबह–शाम अच्छी ठंड होने लगी है।

### छात्रों से की कर्तव्यनिष्ठ होने की अपील

नई टिहरी : टीएचडीसी ने सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्रीय समृद्धि थीम पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें सरस्वती शिशु और विद्या मंदिर पिपोला में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को विभिन्न जानकारियां दी गईं।

# अभियान चलाने का दावा, फिर भी सड़क पर बढ़ रहे गोवंश

## सड़कों पर प्रतिदिन बढ़ती जा रही गोवंश की संख्या ,शहर में आए दिन राहगिरों को चोटिल कर रहे गोवंश



मोटाढांग से किशनपुर को जाने वाले मार्ग पर घूमता गोवंश का झुंड

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सड़कों पर घूमने वाले गोवंशों को गौशाला में शिफ्ट करने के लिए नगर निगम शहर में अभियान चलाने की बात कह रहा है। लेकिन, फिर भी सड़कों पर गोवंशों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही। नतीजा बीच सड़कों पर घूम रहे गोवंश आमजन के लिए मुसीबत बन रहे हैं। सड़क के बीच बैठे झुंड़ के कारण यातायात व्यवस्था भी बेपटरी होती जा रही है। सड़क पर घूमने वाले गोवंशों के संरक्षण को लेकर निगम अभियान चलाने के दावे कर रहा है। गोवंशों को पकड़कर उन्हें गोशाला में शिफ्ट करने की बात कही जा रही है। लेकिन, सच्चाई यह है कि पिछले दो माह में भाबर व बाजार की सड़कों पर गोवंशों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। पूरे दिन सड़क पर घूमने वाले इन गोवंशों से हर समय दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। दो दिन पूर्व भाबर क्षेत्र में गोवंश ने एक राहगीर पर हमला कर दिया था। जिसे क्षेत्र के ही एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचाया गया। वहीं, पटेल मार्ग में भी गोवंश ने एक स्कूटी सवार पर हमला कर दिया था। आए दिन इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं।

### कार्रवाई हो तो सुधरे स्थिति

सड़क पर गोवंश छोड़ने वालों के खिलाफ गोवंश संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवई की जाती है। लेकिन, नगर निगम व पुलिस, प्रशासन कार्रवाई को लेकर लापरवाह बने हुए हैं। नतीजा, कई गो पालक दूध न देने वाले अपने मवेशियों को सड़क पर छोड़ देते हैं। पूर्व में कई सामाजिक संगठन ऐसे लोगों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की भी मांग उठा चुके हैं। लेकिन, हालात जस के तस बने हुए हैं। रात के अंधेरे में गोवंश काश्तकारों के खेतों में घुसकर उनकी फसल को भी बर्बाद कर दते हैं।

### बंदरों का आतंक, वृद्धा घायल

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** नगर क्षेत्र में बंदर के हमले में एक वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। वृद्धा का एक हाथ टूट गया, जबकि कमर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई हैं।नगर क्षेत्र के स्टेट बैंक मोहल्ला निवासी महेंद्र सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार दोपहर करीब 12 बजे उनकी वयोवृद्ध मां बिशंभरी देवी (77) छत की सीढ़ियों में बैठी थीं। इसी दौरान एक बंदर उन पर झपट पड़ा और पल भर में ही हमलावर हो गया। हमले से मां बुरी तरह से घबरा गईं और बंदर से बचने के प्रयास में हड़बड़ी में सीढ़ियों से नीचे गिर गईं। जिससे उनका बायां हाथ कंधे के पास से फ्रेक्चर हो गया। जबकि कमर और पांव समेत अन्य जगहों पर गंभीर चोटें आई हैं। वृद्धा का यहां एक प्राइवेट क्लीनिक में उपचार किया जा रहा है।

### शस्त्र पूजन किया

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** विजयदशमी के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयंसेवकों ने चैलूसैंण में खीर वितरण व शस्त्रपूजन किया। कार्यक्रम में द्वारीखाल खंड के समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया। विधिवत रूप से देवी की आराधना कर शस्त्र पूजन किया गया। साथ ही चैलूसैंण बाजार में खीर वितरण किया गया। इस मौके पर परमानंद, देवी प्रसाद बडोनी, मुकेश जुयाल, सुमित, गौरव सुयाल, मनोज बलूनी, विकास भंडारी, लक्ष्मण सिंह, ऋषि दुदपुड़ी आदि मौजूद रहे।

# ग्राम सभा पठोला में गुलदार की धमक, दहशत में ग्रामीण

**जयन्त प्रतिनिधि।**



कोटद्वार : पर्वतीय क्षेत्रों में गुलदार की धमक थमने का नाम नहीं ले रही है। वर्तमान में यमकेश्वर ब्लॉक के अंतर्गत ग्रामसभा पठोला में गुलदार का आतंक बना हुआ है। स्थिति यह है कि गुलदार बकरियों पर हमला कर रहा है। गत आठ अक्टूबर को भी गुलदार ने बकरी पर हमला कर दिया था। बकरी को बचाने के प्रयास में एक वृद्ध पूर्व सैनिक घायल हो गए। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।ग्रामसभा पठोला के ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में पिछले काफी समय से गुलदार का आतंक बना हुआ है। बीते आठ अक्तूबर की शाम को अन्य ग्रामीणों के साथ गांव के वृद्ध पूर्व सैनिक और राज्य आंदोलनकारी विष्णु दत्त तिवारी (75) पुत्र कीरत राम बकरियां चुगा रहे थे। इस दौरान घात लगाए बैठे गुलदार ने बकरी पर हमला कर दिया, जिस पर उन्होंने बकरी को छुड़ाने के लिए गुलदार पर लाठी से वार किया और बकरी को सुरक्षित बचा लिया। इस दौरान गुलदार के हमले में उनकी गर्दन और हाथ पर गहरे जख्म आ गए। कहा कि वन विभाग से वह लगातार गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग करते आ रहे हैं। पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल, सीपी डोबरियाल, अनूप बिष्ट, देवेंद्र सिंह नेगी, बलवान सिंह रावत, संजय असवाल ने वन विभाग से घायल पूर्व सैनिक को मुआवजा देने के साथ ही क्षेत्र में वनकर्मियों की गश्त करवाने की मांग की है।

# श्रद्धालुओं ने किया कन्या पूजन, लिया मां दुर्गा का आशीर्वाद



घर में कन्या पूजन करते श्रद्धालु

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शुक्रवार को अष्टमी व नवमी पर श्रद्धलुओं ने कन्या पूजन कर माता दुर्गा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान घर व मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना भी की गई।

पंचाग के अनुसार, अधिकांश श्रद्धालुओं ने शुक्रवार को अष्टमी व नवमी मनाई। दोपहर साढ़े बारह बजे के बाद नवमी शुरू हो गई थी। ऐसे में घरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। साथ ही परिवारों ने घरों में कन्याओं को आमंत्रित कर उन्हें भोजन करवाया। कन्याओं को दक्षिणा व उपहार भी दिए गए। लोगों में कन्याओं को अपने घर ले जाने के लिए होड़ लगी हुई थी।

श्रद्धालुओं ने घरों में यज्ञ का भी आयोजन किया गया। नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा-आराधना करने से समस्त कष्ट दूर हो जाते हैं। उधर, शारदीय नवरात्र के मौके पर अष्टमी व नवमी को सिद्धपीठ ज्वालपा देवी धाम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

### चार दिन में जिले की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : डीएम ने अफसरों को अगले 4 दिन के भीतर युद्ध स्तर पर काम करते हुए जिले की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए। डीएम ने साफ कहा कि सड़क निर्माण कार्यों में गुणवत्ता को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

शुक्रवार को जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने 15 अक्तूबर तक सड़कों को गड्ढा मुक्त किए जाने को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सड़क निर्माण से जुड़े विभागों के कार्य की प्रगति की समीक्षा बैठक ली। बैठक में लोनिवि के अफसरों ने बताया कि बरसात के बाद जिले में लोनिवि की सभी सात डिवीजन में 23 मोटरमार्गों के कुल 273.50 किलोमीटर सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए पैचवर्क किया जाना है।

कहा कि ठेकेदारों की हड़ताल से पैचवर्क के कार्यों में देरी हुई है। अभी तक 45 फीसदी काम पूरा कर लिया गया है, जबकि शेष काम को 4 से 5 दिन के भीतर पूरा कर लिया जाएगा।

# शहर की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिले पूर्व सैनिक

### कोटद्वार को जिला बनाने व मेडिकल कॉलेज निर्माण की उठाई मांग



देहरादून में मुख्यमंत्री से मिलते पूर्व सैनिक

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार की समस्याओं को लेकर पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने देहरादून में मुख्यमंत्री से मुलाकात की। कहा कि पूर्व में आश्वासन के बाद भी न ही कोटद्वार अब तक जिला बन पाया है और न ही यहां मेडिकल कॉलेज का निर्माण हुआ। जबकि, स्थानीय जनता समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है।

देहरादून में समिति के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों का एक प्रतिनिधि मंडल देहरादून में मुख्यमंत्री से मिला। समिति की ओर से मुख्यमंत्री को दिए गए मांग पत्र में कहा गया कि कोटद्वारवासी पिछले कई दशकों से मेडिकल कालेज निर्माण की मांग उठा रहे हैं। स्थान चिह्नित होने के बाद भी अब तक मेडिकल कालेज निर्माण नहीं हो पाया है। लगातार आंदोलन चलाने के बाद भी कोटद्वार जिला निर्माण की मांग को अनदेखा किया जा रहा है। लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण नहीं होने से वाहनों को उत्तर प्रदेश से होकर गुजरना पड़ता है। जबकि, कई बार मार्ग निर्माण का आश्वासन भी दिया जा चुका है। कहा कि दशकों बाद भी मोटरनगर में आधुनिक बस अड्डे के नाम पर केवल एक गड्ढा ही नजर आ रहा है। पूर्व सैनिकों ने मुख्यमंत्री से नगर निगम चुनाव में पूर्व सैनिकों को आरक्षण देने, ट्रेंचिंग ग्राउंड को शहर से अन्यत्र शिफ्ट करने, मालन नदी पर जल्द पुल निर्माण करवाने व शहर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखवाने, बेस अस्पताल में चिकित्सकों की तैनाती करवाने व कण्वाश्रम के विकास पर कार्य करने की मांग उठाई। प्रतिनिधि मंडल में महेंद्र पाल सिंह रावत के साथ ही अनुसूया प्रसाद सेमवाल, अनसूया प्रसाद गोस्वामी, देवेंद्र बिष्ट सहित कई अन्य मौजूद रहे।

# बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**जयन्त प्रतिनिधि।**



कोटद्वार के डीएवी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देती छात्राएं

कोटद्वार : बलभद्रपुर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में अधर्म पर जीत का महापर्व दशहरा को उल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल के नर्सरी व एलकेजी के छात्रों ने रामायण के पात्रों का किरदार निभाया। छात्रों ने मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम के जीवन पर आधारित शानदार नृत्य की भी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य नितिन भाटिया ने किया। एलकेजी व नर्सरी के छात्रों ने रामायण के पात्रों का किरदार निभाते हुए आगंतुकों का स्वागत किया। तत्पश्चात प्रथम व द्वितीय कक्षा के छात्रों ने मां दुर्गा के मनमोहक रूपों को प्रस्तुत किया। तीसरी व चौथी कक्षा के बच्चों ने मर्यादा पुरूषोत्तम राम के जीवन पर आधारित नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को राममय कर दिया। कार्यक्रम में अभिभावकों के लिए आकर्षक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों ने दीयों की सजावट, तोरण बनाना, मोमबत्ती की सजावट, मुखोटा, धनुष-बाण बनाए। दशहरा के पर्व पर विद्यालय के छात्रों ने भारतीय संस्कृति पर आधारित गीतों की धुनों पर गरबा व डांडिया नृत्य की प्रस्तुति दी। अंत में विद्यालय परिसर में रामण का दहन किया गया।

### पुलिस ने 13 वाहन सीज कर डीएल निरस्तीकरण की कार्रवाई

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिले की पुलिस यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रही है। लेकिन इसके बावजूद भी वाहन चालक यातायात नियमों की अनदेखी कर रहे है। जिले में शादी और त्योहारी सीजन को देखते हुए शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है।

बीते गुरुवार को जिले में पुलिस ने अभियान चलाते हुए शराब पीकर वाहन चलाने पर 13 वाहन चालकों के वाहनों को सीज कर डीएल निरस्तीकरण की कार्रवाई की है। एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने पर कोटद्वार में 9, रिखणीखाल और पौड़ी में 1-1 और श्रीनगर में 2 वाहनों को मौके पर सीज कर उनके विरूद्ध कार्रवाई कर चालकों के डीएल निरस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 172 वाहन चालकों का भी चालान किया गया।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 180-DRM-MB-24-25 dt. 10.10.2024 | 208-DRM-MB-24-25 dt. 10.10.2024 |
|---|---|---|
| Name of Work | Provision of 2no. Sump well near Kapoor company nallah to reduce water logging in MB yard & Temporary measure to repair stone slab roofing supported on wooden beams of service buildings at MB stn under ADEN/HQ/MB. | Balance work of covering at LHS no. 14 (MB-CH), 21 (BE-CH) & LHS no. 47 (CH-HGJ) in the section of ADEN/CH. |
| Tender Closing Date, Time | 04.11.2024 | 04.11.2024 |
| Advertised Value (Rs.) | 1,09,66,254.41 | 2,24,46,190.82 |
| Earnest Money (Rs.) | 2,04,800.00 | 2,62,200.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 00.00 | 00.00 |
| Bidding Start Date | 21.10.2024 | 21.10.2024 |
| Period of Completion | 06 Months | 06 Months |

पत्रांकः 75-W/2/3/WA/Publication दिनांकः 10.10.2024 3138/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# सीएम धामी ने किया कन्या और गौ पूजन



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को शारदीय नवरात्र की महानवमी के पावन अवसर पर वैष्णवी शक्ति माँ महामाया जगत जननी आदिशक्ति भगवती की उपासना को समर्पित नवरात्रि के पावन पर्व का उद्यापन कर हवन किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में विधि-विधान से कन्या–पूजन और गौ पूजन किया। मुख्यमंत्री ने आद्याशक्ति, परब्रह्म स्वरूपा देवी माँ से राज्य की उन्नति एवं समस्त प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि की कामना की है।

### हनुमान जी ने लंका जलाई

पौड़ी : रामलीला मंचन के आठवें दिन रामलीला की शुरुआत मां शारदे की वंदना मां जय सरस्वती वर दे मां से हुई। माता सीता की खोज में वीर हनुमान जी समुद्र को लांघ कर लंका की अशोक वाटिका पहुंचे। मां सीता को प्रभु राम की मुद्रिका दिखाई और मां से फल खाने की इच्छा की। मां की आज्ञा मिलते ही हनुमान जी ने वाटिका को तहस–नहस कर दिया। इस पर रावण का छोटा पुत्र अक्षयकुमार, हनुमानजी को पकड़ने आया और मारा गया। फिर मेघनाद, हनुमान जी को शक्तिपाश में बांधकर दरबार ले गया। यहां अहंकारी रावण उनकी पूंछ में आग लगाने का आदेश देता है। हनुमान जी जलती हुई पूंछ से लंका में आग लगा देते हैं।

### कांग्रेस प्रवक्ता बीजेपी सरकार पर जमकर बरसे

**जयन्त प्रतिनिधि।**

लैंसडौन : पर्यटन नगरी लैंसडौन पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता गिरिराज किशोर का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए निराकरण करने का आश्वासन भी दिया। साथ ही वह बीजेपी सरकार पर जमकर के बरसे।उन्होंने स्पष्ट कहा कि धामी सरकार 5 साल में उत्तराखंड को शून्यता की तरफ ले गए। विकास तो हुआ परंतु यहां अपराधों का विकास हुआ। जैसे महिला अपराधों में उत्तराखंड में अच्छी खासी बढ़ोतरी हुई है। धामी सरकार के मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। जिनकी की विजिलेंस जांच नहीं हो रही है। अगर उनकी विजिलेंस जांच नहीं हुई तो कांग्रेस को इस मामले में आंदोलन की राह पकड़नी होगी। धामी सरकार में उत्तराखंड में भू-कानून भी लाचार नजर आ रहा है।


**जयन्त**

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com



**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की और से उप–मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए ईपीसी सिंगल स्टेज दो पैकेट प्रणाली के अन्तर्गत ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:–

| | |
|---|---|
| ई–निविदा एनआईटी संख्या | 17–विद्युत/नि./टीएसएस/यू.एम.बी/इपीसी/135–बी |
| कार्य का नाम व स्थान : अम्बाला मंडल के नंगल डेम तलवाडा सेक्शन में अम्ब–अण्डौरा पर डबल सर्कट 132 केवी/27 केवी, 21.6/30.24 एमवीए ट्रेक्शन सब–स्टेशन (टी एस एस), एससीएडीए सहित, सामान्य विद्युत कार्य, सिविल इंजी0 कार्य तथा दूसरा 132 केवी/27 केवी, 21.6/30.24 एमवीए का प्रावधान, सिंगल फेस ट्रेक्शन पावर ट्रांसफार्मर तथा इसके सहयोगी उपकरण वगैरह कुराली (केआरएलआई)/टी एस एस डिजाइन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग व कमीशनिंग कार्य का प्रावधान। | |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 365 (तीन सौ पैसठ) दिन नियुक्ति तारीख से |
| कार्य की अनुमानित लागत | ₹ 19,91,28,156.59 |
| निविदा प्रतिभूति (आन लाईन) जमा कराने के लिए | ₹ 11,45,700/– |
| निविदा देय दिनाक | दिनाक 25.12.2024 समय 11.30 बजे |
| निविदा के क्लाज संख्या 2.11.2 में लिस्टिक सभी दस्तावेज फिजिकल जमा कराने की तिथि | दिनांक 30.12.2024 समय 11.30 बजे |

ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि व समय : विस्तृत ई निविदा सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है और निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेब साईट पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए 13.10.2024 से 25.12.2024 समय 11.30 बजे तक उपलब्ध होगा। निविदा दिनांक 01.01.2025 को 11.30 बजे खोली जाएगी। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी निबंधन और शर्ते निविदा दस्तावेज में दी गई है। विस्तृत निविदा सूचना भी उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

प्रपत्र सं.: 17–विद्युत/नि./टीएसएस/यू.एम.बी/इपीसी/135–बी दिनांक : 11.10.2024 3159/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

फाइल: 1/STBA/POLICY/MB/2022/C

**मुरादाबाद मंडल उत्तर रेलवे के NSG-5, NSG-6 श्रेणी के 37 स्टेशनों पर ''स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट'' (एस टी बी ए) की नियुक्ति के लिए निविदा निमंत्रण की सूचना।**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुरादाबाद मंडल के अतंर्गत विभिन्न "NSG-5" & "NSG-6" श्रेणी के स्टेशनों पर कम्प्यूटरीकृत अनारक्षित टिकट प्रणाली (यू.टी.एस) द्वारा अनारक्षित रेल टिकटों को जारी करने हेतु तीन वर्ष के लिए स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एस.टी.बी.ए) की नियुक्ति हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों जो कि निविदा की नियम व शर्ते पूर्ण करते हो से दिनांक 07.11.2024 के 15:00 बजे तक निविदा आमंत्रित किये जायेंगे और 15:10 बजे खोला जायेगा।

**निम्नलिखित NSG-6, NSG-6 श्रेणी के 37 स्टेशनों पर संविदा पर ''एसटीबीए'' की नियुक्ति की जानी हैः–**

| क्र. सं. | स्टेशन | कोड | राज्य | स्टेशन की श्रेणी | क्र. सं. | स्टेशन | कोड | राज्य | स्टेशन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अगवॉनपुर | AWP | उ.प्र. | NSG-6 | 20 | कहिलिया | KH | उ.प्र. | NSG-6 |
| 2 | फजलपुर | FZL | उ.प्र | NSG-6 | 21 | हाफिजपुर | HZR | उ.प्र. | NSG-6 |
| 3 | आसफपुर | AFR | उ.प्र | NSG-6 | 22 | रसुईया | RYS | उ.प्र. | NSG-6 |
| 4 | लोदीपुर विशनपुर | LPB | उ.प्र | NSG-6 | 23 | बंथरा | BTRA | उ.प्र. | NSG-6 |
| 5 | जहानीखेड़ा | JKH | उ.प्र | NSG-6 | 24 | काकोरी | KKJ | उ.प्र. | NSG-6 |
| 6 | बाबूगढ़ | BBO | उ.प्र | NSG-6 | 25 | इक्कड़ | IKK | उत्तराखंड | NSG-6 |
| 7 | दलपतपुर | DLP | उ.प्र | NSG-6 | 26 | बरेली कैंट | BRYC | उ.प्र. | NSG-6 |
| 8 | करना | KAR | उ.प्र | NSG-6 | 27 | ऐंथल | ATMO | उत्तराखंड | NSG-6 |
| 9 | दलेलनगर | DLQ | उ.प्र | NSG-6 | 28 | खरखौंदा | KXK | उ.प्र. | NSG-6 |
| 10 | कॉकाढेर | KHE | उ.प्र | NSG-6 | 29 | बेंहटागोकुल | BEG | उ.प्र. | NSG-6 |
| 11 | दिलावरनगर | DIL | उ.प्र | NSG-6 | 30 | भिटौरा | BTO | उ.प्र. | NSG-6 |
| 12 | कौढ़ा | KUF | उ.प्र | NSG-6 | 31 | ऐंगवां | AIG | उ.प्र. | NSG-6 |
| 13 | मुढ़ापाण्डे | MPH | उ.प्र | NSG-6 | 32 | बघौली | BGH | उ.प्र. | NSG-6 |
| 14 | मसीत | MST | उ.प्र | NSG-6 | 33 | मलिहाबाद | MLD | उ.प्र. | NSG-6 |
| 15 | स्नेहरोड | SNX | उ.प्र | NSG-6 | 34 | काफूरपुर | KFPR | उ.प्र. | NSG-6 |
| 16 | कुचेसर रोड | QXR | उ.प्र | NSG-6 | 35 | बबराला | BBA | उ.प्र. | NSG-5 |
| 17 | रहीमाबाद | RBD | उ.प्र | NSG-6 | 36 | दबतरा | DUB | उ.प्र. | NSG-5 |
| 18 | सिम्भोली | SMBL | उ.प्र | NSG-6 | 37 | हल्दौर | HLDR | उ.प्र. | NSG-5 |
| 19 | उमरताली | UTA | उ.प्र | NSG-6 | | | | | |

निविदा फॉर्म और उसके शर्ते उत्तर रेलवे कि बेवसाइट www.nr.indianrailways.gov.in से भी डाउनलोड किये जा सकते है ठेके के लिए निविदा फॉर्म नियम एवं शर्तो सहित विस्तृत जानकारी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद के कार्यालय से दिनांक 06.11.2024 को 17:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है ,जिसके लिए निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 1180 (रु. 1000 + 18% जी एस टी सहित) का भुगतान करना होगा निविदा फॉर्म दिनांक 07.11.2024 को 15:00 बजे तक स्वीकृत किये जाएंगे और 15:10 बजे खोला जायेगा। डाउनलोड किये गए निविदा फॉर्म के साथ निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 1180/– (रु. 1000 रु + जी एस टी @ 18%) का डिमांड ड्राफ्ट संलग्न करना होगा जो कि "वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक" उत्तर रेलवे, मुरादाबाद (Sr. DFM/NR/MB) के नाम मुरादाबाद मेन ब्रांच में देय होगा, अन्यथा निविदा रद्द कर दी जायेगी। आवेदक यदि NSG–6 श्रेणी के स्टेशन के लिए आवेदन करते है तो रू. 2000/–की धरोहर राशि और यदि NSG–5 श्रेणी के स्टेशन के लिए आवेदन करते है तो रू. 5000/–की धरोहर राशि डिमांड ड्राफ्ट के रूप में संलग्न करनी होगी जो कि "वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक" उत्तर रेलवे, मुरादाबाद (Sr. DFM/NR/MB) के नाम मुरादाबाद मेन ब्रॉच में देय होगी, अन्यथा निविदा रद्द कर दी जायेगी। **नोट : पूर्ण धरोहर राशि, निविदा प्रपत्र का मूल्य और समी अन्य अपेक्षित कागजात(स्वयं सत्यापित) के बिना जमा किये गए आवेदन प्रपत्र पर विचार नही किया जाएगा। यदि निविदा खोलने वाले दिन 07.11.2024 को अवकाश घोषित हो जाता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस मे खोली जाएगी।**

सहायक वाणिज्य प्रबंधक
उत्तर रेलवे, मुरादाबाद

3140/24 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ